Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11.11.2021 | अंक 51

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही अनुमंडल एवं उसके आस पास के क्षेत्रों में श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाई गई छठ पूजा, उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

## लोक आस्था का पर्व छठ पूजा की कुछ चुनिंदा तस्वीरें


दुलमहा, लखना


बरकट्ठा


जगदीशपुर चौपारण


चौपारण


कोनरा, बरही


गौरियाकरमा


उरवां


दौरवा


विजैया







उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालू







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लोक आस्था छठ पूजा से संबंधित कुछ तस्वीरें अपेम लाइव न्यूज टीम के द्वारा प्रसारित






उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालू







भागवान भास्कर को अर्घ्य देते श्रद्धालू





भागवान भास्कर को अर्घ्य देते श्रद्धालू

किशुन यादच

## शोक में डूबा बच्छई, पूरे गांव में नही हुआ छठ पूजा, मृतक परिजनों से मिले पूर्व विधायक मनोज

**अपेम लाइवः चौपारण**

**किशोर कुमार**



शोक संतप्त परिजन से मिलते पूर्व विधायक मनोज यादव

एक ओर प्रखण्ड के लगभग गाँवो में छठ महापर्व मनाया गया लेकिन बच्छई गांव में इस वर्ष एक भी घर मे छठ पूजा नही हुवा। नहाय खाय के दिन ही गांव के ही नरेश यादव असमय मौत के गाल में समा गए। नरेश के मौत से पूरे गांव में शोक का लहर है। इधर घटना की सूचना पाकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थकों संग पीड़ित परिवार से मिलने बच्छई गाँव पहुँचे। पूर्व विधायक ने घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने परिवार को भविष्य में हर संभव मदद का भरोशा दिया। परिजनों ने बताया कि नरेश बरही स्थित अपने घर मे था अचानक दिल का दौरा पड़ा, आननफानन में हॉस्पिटल ले जाने लगे तभी अचानक नरेश ने दम तोड़ दिया। इस दौरान बच्छई मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक, समाजसेवी देवल यादव, सुरेंद्र यादव, बासुदेव यादव, विमल यादव, महेश यादव, सुखदेव यादव, महेश राणा, मो सतार, गिरधारी रविदास, बैजनाथ यादव मनोज यादव, प्रमोद राणा, महेश यादव, सुजीत यादव, सुनील साव सहित कई लोग उपस्थित रहे।




## बरही में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का हुआ समापन, छठ तालाबो में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अपेम लाइवः बरही**



सूर्य को अर्घ्य देते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं अन्य

बरही में लोक आस्था का महापर्व छठ गुरुवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान छठ तालाबो, जलाशयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। नहाय खाय से शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ में आस्था कोरोना पर भारी पड़ा। अधिकांश लोग कोरोना गाइड लाइन का पालन करते नजर नही आए। हालांकि उनमे कुछ ऐसे लोग भी थे।। जिनके द्वारा कोरोना गाइड लाइन का पालन करते देखे गए। लेकिन भगवान भास्कर के प्रति उमड़ी आस्था एवं श्रद्धा के बीच कोरोना संक्रमण का कोई डर भी नही दिखा। बरही के प्राचीन घाट में हज़ारो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। साथ ही जनप्रतिनिधि भी अस्ताचाल गामी सूर्य एवम उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। इनमे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, रमेश ठाकुर, राजसिंह चौहान, अपेम मुख्य संरक्षक सह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी , युवा नेता अरुण साहू, मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीतू ठाकुर, शमशेर आलम सहित कई गणमान्य हस्ती पहुंचकर पूजा अर्चना की और बरही वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। वही कोनरा छठ तालाब , सूर्यमंदिर नही घाट, विजैया, कोरियाडीह, रसोइया घमन, बेन्दगी, पुरहरा सहित लगभग सभी नदी घाटों पर छठ पूजा अर्चना की गई। प्राचीन नदी घाट बरही में पूजा समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के नेतृत्व में सारी व्यवस्था किया गया था। इस कार्य मे कई स्वयं सेवकों ने साफ सफाई कर अपनी सहभागिता निभाई।

## चलकुशा में धूमधाम से मना छठ पर्व



**अपेम लाइवः चलकुसा**

**विक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी गांवों में आस्था का महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के घाटों को सजाया व संवारा गया। इस दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने चटकरी स्थित छठ घाट में उगते सूर्य को अधर्य दिया। चौबे छठ घाट पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी ने छठ घाट पर नारियल का वितरण किया गया। मौके पर चलकुशा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रमुख दुर्गा यादव, राम प्रसाद यादव, विजय चौधरी, अशोक यादव ,अशोक चौधरी इत्यादि लोग शामिल थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन

**अपेम लाइवः बिरनी ( गिरीडीह)**

**सब्बा अहमद**

बिरनी में गुरुवार को टाटो नदी,चितखारो, चिरुडीह, पोखरिया, खुरजीओ इरगा नदी,आदि छठ घाट में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य देते समय छठ की घाट देखते बन रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों खुद भगवान भास्कर साक्षात हों। टाटो बिरनी समेत पूरे राज्य में छठ की धूम रही. हजारों लोगों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई। अर्घ्य देकर सूर्योपासना के बाद छठ कर रहे लोगों ने प्रसाद वितरण किया। उसके बाद छठव्रतियों ने पारण कर व्रत तोड़ा। चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन बड़ी धूमधाम से हुआ। आस्था है कि छठ पूजा आदि करने से छठी मैय्या निरोगी जीवन प्रदान करने के साथ कई मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।



छठ पूजा करते श्रद्धालू

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डिजिटल वर्ल्ड कॉमन सर्विस सेंटर के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बिरनी ( गिरीडीह)**

**सब्बा अहमद**

चरपोका में तेली ल० जागरूकता सत्र आयोजन किया गया । जिसमें पीएलवी मेराज अंसारी के द्वारा नागरिकों को जागरूक करते हुए विधिक जनकारी दी और ग्रामीणों की केस पंजीकरण किया। वहीं वीएलई ईबरार अंसारी ने कहा टेली ल० सर्विस क०मन सर्विस सेंटर के माध्यम से गरीब और कमजोर वर्ग के लोग वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा जिस किसी व्यक्ति को सलाह की जरूरत होती है वह दिल्ली में बैठे वकीलों से मुफ्त में कानूनी सहायता ले सकते हैं।कार्यक्रम के बाद जिन नागरिकों का ई-श्रम कार्ड अब तक नहीं बना था उनलोगो का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस आयोजन में वीएलई ईबरार अंसारी,पीएलवी मेराज अंसारी, अजाद अंसारी, सरफराज अंसारी,हिना खातून, साजदा खातून सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।




कानूनी जानकारी प्रदान करते पीएलवी एवं वीएलई

## 105 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, शोक की लहर

**अपेम लाइवः बिरनी ( गिरीडीह)**

**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत कुशमाई पंचायत के थौरिया गांव निवासी जमाल अंसारी का पिता जालिम मियां का 105 वर्ष में निधन हो गया।जानक.ारी के मुताबिक वे काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। इस दौरान उनकी मौत रात्रि को हो गई। जिसमें सूचना पाकर बिरनी प्रखंड मध्य जोन के जिला परिषद सदस्य कैलाश यादव,जिला कमेटी सदस्य सह भावी मुखिया उम्मीदवार सहदेव यादव,पंचायत बाराडीह प्रखंड कमेटी सदस्य इजरायल अंसारी, लोकल सचिव नारयण यादव, भाकपा माले समाजसेवी रघुनंदन यादव, बाघनाल यवम सिलेन्डर यादव प्रखंड कमेटी मोइन अंसारी पहुचकर परिवार ढाढस बढ़ाया।



शोक संतप्त परिजन से मिलते जनप्रतिनिधि

## पति-पत्नी ने आपसी विवाद में कुएं में कूदकर कर ली आत्महत्या

**अपेम लाइवः गिरीडीह)**

**रोहित कुमार**

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के छोटकी खरगडीहा में एक दंपति ने कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना उस वक्त घटी जब सभी लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने छठ घाट गए हुए थे।बताया जाता है मृतक राजेश साव और उसकी पत्नी प्रीति कुमारी ने आपसी विवाद के बाद यह कदम उठाया है। दोनों की शादी अप्रैल 2021 में हुई थी.। बेंगाबाद पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छठ पूजा की खुशियां मातम में तब्दील हो गयी। पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई है। कुंआ में कूदकर जान देने के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। फिलहाल छोटकी खरगडीहा में मातम का माहौल।





## छठ घाट पर उमड़े श्रद्धालु ,बेलवा नदी छठ घाट पर हुआ भव्य भंडारा, भक्तिमय हुआ वातावरण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**

बरकट्ठा में लोकआस्था का महापर्व छठ का उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व सम्पन्न हो गया ज्ञात हो 36 घण्टे उपवास रखकर भक्ति की पराकाष्ठा पर यह पवित्र त्योहार मनाया जाता है। पवित्रता की कसौटी का द्योतक इस पर्व की महत्ता काफी है। इस ऐतिहासिक महत्व व सनातन धर्म की कसौटी पर पर्व मनाया जाता है। बरकट्ठा के विभिन्न नदी घाटों पर यह छठ पर्व मनाया गया । इसी कड़ी में बरकट्ठा स्थित बेलवा नदी छठ घाट को छठ पूजा समिति के उत्साही नवयुवकों के द्वारा आकर्षक ढंग से सजाया गया लगभग एक किलोमीटर लंबे छठ घाट के रास्ते पर लाइट की लरियो से गुफा बनाया गया जो काफी आकर्षक रहा वही छठ घाट के मुख्य द्वार पर भव्य सजावट सेल्फी पॉइन्ट बन गया। लंबे रास्ते पर श्रद्धालुओं के रेड कार्पेट समिति के द्वारा बिछाया गया । वही अर्घ्य के दूसरे दिन समिति के सदस्य अजित मंडल के सहयोग से भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई । जिसकी भूरी भूरी प्रसंसा की गई । लगभग 2 हजार श्रद्धालुओ ने महाभोग का आनन्द उठाया । इन सारी व्यवस्थाओं में मुख्य रूप से मुखिया बसन्त साव, पंसस अशोक गुप्ता,सुनील श्रीवास्तव, अजित यादव, दिलीप सोनी, राहुल गुप्ता, रंजन यादव, संतोष साहनी, बिंदु सोनी, मो कलीम खां,दीपक सोनी,केदार साव, महेश मंडल, बबलू श्रीवास्तव, विनोद सोनी संजीत सोनी,कुंदन वर्मा, चंदन लड्डू, शेरा गुप्ता, शिशु सोनी, सोनू सोनी, विक्रम सोनी, चिंटू विश्वकर्मा, गुड्डा सोनी, मिथलेश, आकाश साहनी, निखिल सोनी, राहुल सोनी, चरकु यादव, सचिन सोनी, प्रिंस सोनी का भरपूर सहयोग रहा ।

**विधायक व पूर्व विधायक पूजा अर्चना**

स्थानीय विधायक अमित यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने अपने परिजनों के साथ अपने पैतृक आवास चटकरी में भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया । ज्ञात हो नेताद्वय का पैतृक आवास चलकुशा प्रखण्ड के चटकरी है । इस अवसर पर भगवान भाष्कर से क्षेत्र में सम्पन्नता व शान्ति की कामना की गई ।



कार्यक्रम में मौजूद लोग

## श्रीनगर में किशुन यादव ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

### रोमांचक मुकाबले में बेलादोहर ने कुण्डवा को 1 रन से हराया

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर में शेक्सपीयर युवा क्लब द्वारा श्रीनगर मैदान में क्रिकेट टूर्नाम.ेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का विधिवत उद्धघाटन बरही पूर्वी भावी जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव एवं मुखिया प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रुप से फीता काट कर एवं बैटिंग कर के किया।उद्घाटन मैच बेलादोहर एवं कुंडवा के बीच खेला गया। जिसमें बेलादोहर की टीम ट०स जीत कर बलेबाज़ी करते हुऐ 10 ओवर में 93 रन बनाई। वही कुण्डवा की टीम ने 92 रन पर आल आउट हो गई।और बेलादोहर की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 1 रन से जीत हासिल किया। मौके पर नेता मुन्ना यादव, पिंटू कुमार यादव, दिनेश यादव, पप्पू यादव, इंद्रदेव यादव, प्रवीण यादव, अभिमन्यु यादव, कृष्णा यादव, रूपेश, रवि, सचिन, हर्ष प्यारेलाल, शिवम, विजय, अरुण मौजूद रहे।



क्रिकेट मैच का उद्घाटन करते भाजपा नेता जीप प्रत्याशी किशुन यादव

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**अपेम लाइवः बरही**

**सोनू पंडित**

बुधवार को अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरकट्ठा प्रखंड के गैड़ा निवासी रामचंद्र यादव 28 वर्ष पिता फुगलाल यादव, विक्की कुमार मोदी 26 वर्ष पिता उमाकांत मोदी ,बरकट्ठा से बरही आने के क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जहाँ अनुमंडलीय अस्पताल बरही में प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। वहीं मो इम्तियाज 35 वर्ष कोनरा निवासी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## पड़रीयाटाँड बिजली ट्रांसफार्मर लगने से आई बिजली

**अपेम लाइवः बिरनी ( गिरीडीह)**

**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत पडर्मनिया पंचायत के पड़रीयाटाँड में बिजली ट्रांसफार्मर उड़ जाने से कई दिनों तक पड़रीयाटाँड वालो को अंधेरा में रहना पड़ा था। लेकिन गांव वालों के प्रयास से गुरुवार को जले ट्रासफार्मर को बदलकर 63केबी का नया ट्रासफार्मर लगया गया। नया ट्रासफार्मर का उद्धघाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। जिसमें पड़रीयाटाँड वाले का अंधेरा से अब छुटकारा पा लिया है। वही मुख्य रूप से पड़रीयाटाँड का वार्ड सदस्य इतियाज अंसारी, जिप प्रतिनिधि जिला संगठन सचिव राजू अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी, मौलाना आरिफ अंसारी,नारायण मंडल दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



ट्रांसफार्मर लगाते ग्रामीण

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## मो तैयब ने की रसोइया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद की उम्मीदवारी पेश, मांग जन समर्थन

**अपेम लाइवः बरही**

**सोनू पंडित**



मो तैयब, पंसस प्रत्याशी

रसोइया धमना पंचायत के युवा समाजिक कार्यकर्ता मो तैयब ने रसोइया धमना पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। उम्मीदवारी पेंश करते हुए मो तैयब ने कहा कि पंचायत का सवांगीण विकास हमारी प्राळामिकता रहेगी। मुखिया से समन्वय बनाकर पंचायत के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे। मो तैयब ने कहा कि पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना हमारा मुख्य मकसद रहेगा। हिंदू मुस्लिम में आपसी सदभाव बनाए रखना। एक दूसरे का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता सूचि में रहेगी। पंचायत समिति के माध्यम से अपने पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई की व्यवस्था करना भी हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होने जोर देकर कहा कि पिछले पांच सालों तक बतौर वार्ड सदस्य अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाया है। जनता की समस्याओं का समाधान करता रहा हूं। अब मैं पंचायत समिति सदस्य के तौर पर अपनी भागीदारी निभाना चाहता हूं।

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।**



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

**छठ पूजा के पावन अवसर पर बरसोत पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार मनोज कुमार यादव की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं**




स्व डीलचंद यादव, पूर्व मुखिया स्व0 बंशी यादव, समाजसेवी

मनोज कुमार यादव

भावी मुखिया उम्मीदवार

बरसोत पंचायत

हमारी प्राथमिकता

1. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथकिता
2. किसानों के खेतो तक सिंचाई की व्यवस्था कराना
3 महिला सशक्तिकरण का प्रयास
4 गरीबो को उनका हक दिलाना

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी






दिनांकः 11-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

## प्रखंड स्तरीय युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन



**अपेम लाइवः चलकुसा**

**विक्रम सिंह**

नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के तत्वाधान में चलकुसा प्रखंड के जमसोती पंचायत में नव जागृति क्लब जमसोती के द्वारा प्रखंड स्तरीय युवा मंडल विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक छोटी लाल कुमार सिंह ने किया । इस कार्यक्रम में युवा मंडल के युवा सदस्यों का आगमन हुआ । मुख्य रूप से युवा मंडल के सदस्यों को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से ब्रह्मदेव रजक प्रधानाचार्य जी पी एस जमसोती , राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवीका दुलारी कुमारी ,अजय मोदी, राज माहिर, मनी वाला देवी ,अनिल रजक, उषा देवी ,सीमा कुमारी ,मनजीत मोदी ,असगर अंसारी, न्युम अंसारी आदि का योगदान रहा।

## लोक आस्था का पर्व छठ पूजा पारण के साथ हुआ सम्पन्न,

### जीप प्रतिनिधि ने किया पूजा अर्चना




पूजा अर्चना करते जीप प्रतिनिधि मो क्यूम

**अपेम लाइवः बरही**

**सोनू पंडित**

विजैया, गरजामो, मलकोको, पडरिया एवं मोदी टोला में शांतिपूर्ण वातावरण मे हुरूवार को लोक आस्था का पर्व छठ पूजा पारण के साथ संपन्न हुआ। वहीं बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम भी इस पवित्र पर्व में सम्मिलित हुए। अन्य लोगों के साथ जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने भी पूजा अर्चना कर भगवाम भास्कर से सुख समृद्धि की कामना की । कहा कि भगवान भास्कर एव छठ मइया सभी का कल्याण करे। मौके पर विजैया पंचायत मुखिया दशरथ यादव, डीएसपी चंद्र शेखर आजाद, छत्रु माहतो, देवलाल कुशवाहा, अर्जुन मोदी, रवि मोदी, पंकज मोदी, उप मुखिया सहदेव शर्मा, अजीम अंसारी, रोहित यादव, सुनील यादव, नान्हू यादव, शिक्षक मथुरा प्रसाद, केदार राणा, संजय अंसारी, सूरज दास, गुलाब दास, शंकर दास, संतोष राणा, शंकर रवानी, रवि प्रसाद, सीता प्रसाद, केदार प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## चौपारण बिगहा बाजार मे सरेआम हो रहा है तीनतसिया जैसे खतरनाक जुआ, लोगो से तरह-तरह के प्रलोभन देकर लिया जाता है मोटी रकम

**अपेम लाइवः चौपारण**

**धीरज प्रजापति**



चौपारण प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दुरी पर सालो से बृहस्पतिवार को बिगहा नामक स्थान पर बाजार लगते आया है। जिस वजह से इस बाजार को क्षेत्र के लोग बिगहा बाजार के रूप मे जानते है। इस बाजार के लगने से आस-पास के आर्थिक स्थिति ठीक होने लगे। लोग अपने खेत मे उगाए समान को बाजार मे जाकर उचित मुल्य में विक्रय करते है। निश्चित तौर से जब यह बाजार सप्ताह में एक बार लगता होगा तो भीड़ रहना जरूरी रहता है। इस बाजार मे हजारो लोग आते है। बाजार में एक तरफ जहाँ लोगो की आय बढ़ रही है, तो वहीं दुसरे तरफ इसी बाजार में कुछ अराजक तत्वो के द्वारा तीनतसिया जुवा जैसे खतरनाक खेल दिनदहाड़े बाजार में खेलवाया जा रहा है। इस खेल को आठ-दस लोगों के द्वारा मिलकर खेलवाया जाता है। वे बाजार में जाने वाले सीधे-साधे लोगो को पैसा डबल करने जैसे तरह तरह का प्रलोभन देकर उन्हे इस जुवा को खेलने के लिए मजबुर करते है। आज गुरूवार के बाजार में एक किसान खेतो मे आलू रोपने के बीज लेने के लिए बाजार आया था, वो दो हजार रूपया सुद पर उठाकर लाए थे। उनको भी तीनतसिया जुआ ग्रुप के लोगो ने अकेले मे ले जाकर बहला फुसलाकर इस जुआ को खेलने पर मजबुर किया तथा उनके पैसा को ले लिए। जब वह किसान पैसा मांगने लगा तो उसे धमकी देने लगे। अपेम लाइव इस तरह के दिनदहाड़े हो रहे जुवा को बाजार से बंद करने तथा समाज में इस तरह के अराजकता फैलाने वाले लोगो पर कार्रवाई करने का आग्रह करता है। बाजार मे इस तरह के खेल का कई गरीब लोग शिकार हो रहे है। प्रशासन को इस पर ध्यान देनी चाहिए। नही तो यह खेल कई लोगों की जिन्दगियां बर्बाद कर सकता है।

## समाजसेवी के शव यात्रा में शामिल हुए विधायक, पूर्व विधायक




**अपेम लाइवः चलकुसा**

**विक्रम सिंह**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम नरैना पंचायत अलगडीहा निवासी समाजसेवी मनोज यादव पिता नागेश्वर यादव की मौत हो गई। पिछले कई दिनों से बीमार थे। घटना की सूचना बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एवं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को मिलते ही उनके घर पहुंचे। इस दौरान विधायक व पूर्व विधायक ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही मृतक की आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर अलगडीहा प्रधान भुवनेश्वर दास, सेवाटांड प्रधान प्रतिनिधि दशरथ यादव, श्याम सुंदर, यादव, शंकर ठाकुर, राजेश यादव, रामजीत रजक, धर्मेंद्र रजक एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

आज का पञ्चाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---12.11.2021

शुभसंवत् :---2078(आनंद)

शकेः---1943

याम्यायन याम्यगोलः

ऋतुः---शरद

माहः---कार्तिक

पक्षः---शुक्ल पक्ष

तिथिः---अष्टमी तिथि दिन 10:40 मिनट तक उपरांत नवमी तिथि

दिनः---शुक्रवार

नक्षत्रः---धनिष्ठा नक्षत्र

योगः---वृद्धि

करणः---का

सूर्योदय :---प्रातः 06:34

सूर्यास्त : संध्या 05:26

सूर्य :---तुला राशि में

चंद्रमा :---मकर राशि में प्रातः 08:16 तक उपरांत कुम्भ राशि में

आज का राहूकाल दिनः---10रू30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक

अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज गोपाष्टमी है आज अलंकृत गव को भोजन करा कर परिक्रमा करनी चाहिए।

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



संदीप शर्मा

## एकादशी उद्यापन को लेकर निकाली कलश यात्रा, विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**

बरकट्ठा परबत्ता निवासी युगल राणा व बलदेव राणा की पत्नी के द्वारा कार्तिक एकादशी उद्यापन को ले 121कलशों से सुसज्जित भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने अपने कर कमलों से सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं को आह्वन कर पीले वस्त्रों में सजी देवी स्वरूपा माताओं व बहनों को कलश देखकर विदा किया गया ततपश्चात भक्ति गीतों पर झूमते नगर भ्रमण करते हुए बरकट्ठा बाजार, डाकडीह, बरकट्ठा चौक,घूमते हुए सभी मंदिरों में घी का दीपक जलाकर उत्तरवाहिनी पतालसुर नदी में विधिविधान से देवताओं को आह्वन कर जल याचमन कर अपने अपने जलपात्र में जल भर कर पुनः नगरभ्रमन करते हुए यज्ञ मण्डप परबत्ता में कलश को रखा गया प्रसिद्ध पुजारियों की अगुवाई में 9 दिवसीय एकादशी उद्यापन को सम्पन्न कराया जा रहा है 11-19 नवम्बर तक संचालित होने वाले इस यज्ञ में मशहूर पंडितों द्वारा प्रवचन व जागरण की प्रस्तुति प्रत्येक दिन की जाएगी कलशयात्रा में मुख्य रुप से मुखिया बसन्त साव, अशोक गुप्ता, सुरेंद्र साव,सुनील कुमार, दिलीप सोनी, बालकी यादव, उमेंश चौधरी,मो कलीम खाँ,पीताम्बर नायक बीरेंद्र कुमार राणा, प्रयाग भुइयां, शम्भू यादव रामेश्वर यादव, सुशील पांडेय, श्रीकांत पांडेय,दीपक राणा, रामचन्द्र राणा, प्रकाश सोनी,सुषेण पांडेय, कमाल, राजेश शर्मा, शम्भू यादव, अशोक नायक, रंजन यादव, दिलीप सोनी,मिथलेश भारती, दीपक सोनी,शिशु सोनी, अरुण कुमार मोदी,आदि लोग मौजूद थे।



कलश यात्रा में शामिल विधायक अमित कुमार यादव

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ताजपुर व दादपुर छठ घाट बना आकर्षण का केंद्र, आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**अपेम लाइव :चौपारण**



सूर्य भगवान की लगी प्रतिमा

उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ तीन दिवसीय छठ महापर्व का हुवा समापन। प्रखण्ड के लगभग लगभग घाटों को आकर्षित ढंग से सजाया गया था। हालांकि प्रखण्ड के ताजपुर शिव मंदिर स्थित घाट व दादपुर स्थित छठ घाट प्रखण्ड में आकर्षण का केंद्र बना। ता. जपुर छठ घाट को अद्भुत लाइट साउंड व डेकोरेशन से सजाया गया था वही तालाब के बीचों बीच भगवान भास्कर का प्रतिमा स्थापित कर घाट कि सुंदरता में चार चंद लगा दिया। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी छठ घाट की सुंद. रता को जायज लेने समर्थकों संग पहुँचे। वही दादपुर में युवा शक्ति मित्र मंडल संस्थापक प्रकाश गुप्ता के अगुवाई में अद्भुत सजावट करके श्रद्धालुओ का मन मोह लिया। घाट के बी. चों बीच भगवान भास्कर का भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया था। वही पूरे प्रखण्ड में छठ पर श्रद्धालुओ के में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। प्रखण्ड में शांतिपूर्ण माहौल में छठ महापर्व सम्पन्न हुवा। भिन्न भिन्न छठ घाटों पर पुलिस प्रसाशन की मुस्तैदी रही। बीडीओ व थाना प्रभारी पल पल की खबर लग रहे है।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर लेखक बिपिन कुमार के नेतृत्व में हुई वेबिनार का आयोजन

### शिक्षा के प्रसार के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी : बिपिन कुमार

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



वेबिनार में उपस्थित लोग

सांढ पंचायत निवासी रामनाथ महतो के पुत्र पोलिटिकल साइंस स्कैनर के युवा लेखक बिपिन कुमार ने विगत दस वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का द्वीप जलाते रहे है जिसमें उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपनी पढ़ाई के साथ साथ लोगों को शिक्षा के प्रति जागरुक भी कर रहे है। ग्रामीण प्रतिभा को निखारने के लिए समय समय पर छात्र/छात्रों के बीच क्विज व शिक्षा से सम्बधित 50 से अधिक प्रतियोगिता करवा चुके है। लेखक बिपिन कुमार के नेतृव में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर शिक्षा के प्रति जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार को सम्बोधित करते हुए बिपिन कुमार ने कहा कि शिक्षा के प्रसार के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है। यह काम यदि सिर्फ़ सरकार पर ही छोड़ दिया जाय तो कभी हम शिक्षा के क्षेत्र में आगे नहीं जा सकते। रॉबिन कुमार ने कहा कि शिक्षा का अधिकार हमारा मौ. लिक अधिकार है, सरकारी शिक्षा पर हक सभी को है। टेकलाल प्रजापति ने कहा कि जागरूकता के माध्यम से वंचितों को शिक्षित किया जा सकता है। शिक्षिका शांति देवी ने कही की शिक्षा मानव की सबसे बड़ी पूँजी है, बिना शिक्षा के मानव जीवन अधूरा है। युवा लेखक व कवि अमरेज़ अंसारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार पाना नहीं बल्कि अपने मूल्यों को निर्माण करना भी हैं। मिथुन कुमार ने कहा कि शिक्षा व संस्कार के बिना मानव पशु तुल्य है।

## चेपकला नव जागृति छठ युवा क्लब ने 13वां स्थापना दिवस मनाया

### समाज के विकास के लिए युवा वर्ग को निरंतर आगे रहने की आवश्यकता : मणिलाल सिंह

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



स्थापना दिवस मनाते हैं युवा क्लब के लोग

चेपा कला गांव में श्रद्धा के साथ छठ पूजा शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए गठित नव जागृति छठ युवा क्लब चेपा कला की टीम ने 13 वा स्थापना दिवस मनाया। बतौर मुख्य अतिथि डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, प्रकाश ठाकुर व अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस मनाया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं क्लब के सदस्यों के द्वारा छठ व्रतियों के बीच 500 नारियल, 10 डब्बा सेव, 10 कांधी केला अगरबत्ती के अलावा अन्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर मणिलाल सिंह ने कहा कि गांव क्षेत्र की विकास के लिए युवा वर्ग को निरंतर आगे रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार उपेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। वही छठ पूजा की समाप्ति पश्चात रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें रात भर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आनंद उठाया। मौके पर उप. स्थित लोगों में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुनील महतो, उपाध्यक्ष उमेश महतो, सचिव मंटू कुमार, उप सचिव जोगेंद्र कुमार , संयोजक उपेंद्र कुमार, समा. जसेवी प्रकाश ठाकुर, खेमानी साहू, रुदल नारायण महतो, धनेश्वर महतो, सदस्य गा. `पाल महतो, कृष्णा गंझू , संजय राम, मनोज साव, खीरोधर भुइयां, संतोष सिन्हा सुरेंद्र महतो, विकास कुमार महतो, राजेंद्र भुइया, रविंद्र महतो, चमन साव, अरविंद कुमार, विकास कुमार, सुनील कुमार, अमन ठाकुर, विशाल कुमार, नींनकु भुइयां, महावीर रजक केअलावा कई लोग उपस्थित थे।

## विहिप एवं बजरंग दल द्वारा छठ घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



छठ श्र)ालुओं के लिए सूर्य मंदिर निर्माण का स्टॉल में मौजूद कमेटी के लोग

विहिप और बजरंग दल द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा पर विष्णुगढ़ के जमुनियां नदी शिव पार्वती छठ घाट पर जिला संयोजक वरूण कुमार के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार व गुरुवार को क्रमशः संध्याकालीन एवं प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान कार्यक्रम की प्रस्. तुति हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालु छठ गीत का श्रवण कर झूम उठे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा अर्घ्य बेला में छठव्रतियो के बीच दूध और फल का भी वितरण किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रखंड विहिप अध्यक्ष शंकर सोनी का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम प्रस्तुति में अनुश्रेया कुमारी, संजय पान्डेय, रौशन पांडेय, अक्षय कुमार, अजित कुमार, सावन कुमार, ओमकारनाथ शर्मा, रणवीर बरनवाल, सुरेश कुमार, बबलु गुप्ता, दिलीप साव, कृष्णा साव, विक्की कुमार, पियुषलाल का भरपूर सहयोग रहा। सूर्य मंदिर निर्माण समिति के सदस्य रामेश्वर सिंह, आनंद राम, त्रिवेणी स्वर्णकार, राजेन्द्र सिंह, नवलकिशोर वर्मा, मोहनलाल बरनवाल, जगदीश बर्मन, शंकर गा. `स्वामी, युगल स्वर्णकार आदि ने कार्यक्रम की काफी सराहना किए। इकार्यक्रम की प्रस्तुति के दौरान कई श्रद्धालुओं ने सूर्य मंदिर के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग दिया। कमेटी द्वारा छठ श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्टॉल भी लगाया गया था। इसमें कई स्वयंसेवक एवं कमेटी के लोग जुटे थे।

## छठ महापर्व की उपासना में डूबा रहा पूरा विष्णुगढ़

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



विष्णुगढ़ के जमुनियां नदी छठ घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देती छठव्रती

सूर्योपासना के अनुपम आस्था का लोकपर्व छठ महापूजा गुरूवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ हर्षोल्लास संपन्न हो गया। चारदिवसीय महापर्व को लेकर व्रतियों ने पूरे नेम निष्ठा के साथ उपासना कर बुधवार को अस्ताचलगामी तथा गुरुवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। महापर्व के अंतिम दिन तड़के ही उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए व्रती समेत बड़ी संख्या में लोग छठ घाटों पर पहुंचे और अर्घ्य देकर सुख, शांति, उन्नति की मुरादें मांगी। छठव्रती एवं उनके परिजन सूप का दौरा लेकर स्थानीय नदी, तालाब आदि के घाट पर पहुंचे और सूप में सजी ठेकुवा, ईख, नारियल, फल, फूल, बेलपत्र आदि पूजन सामग्री को दूध से भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद छठ व्रतियों समेत सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विष्णुगढ़ के चेडरा, विष्णुगढ़, भेलवारा, गोविन्दपुर, कुसुंभा, चानो, नवादा, बनासो, अल. पीटो, गाल्होबार, खरना, गैड़ा, बरांय, अचलजामो, सिरैय, नरकी समेत कई गांवों के विभिन्न घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी जगहों पर विविध सामाजिक संगठनों द्वारा छठ को लेकर रौशनी, तोरणद्वार, सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत कई तरह की व्यवस्था की गई थी। छठ के गीतों से शहर से लेकर गांव तक पूरा माहौल छठमय रहा।

## मुनअम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मौलाना अबुल कलाम की 134 वीं जयन्ती

### शिक्षा व राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध थे मौलाना अबुल कलाम : मतिनुल हसन

**अपेम लाइव :चौपारण**



जयंती मनाते शिक्षक गण

महाराजगंज स्थित मुनअम पब्लिक स्कूल में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मौलाना अबुल कलाम आजाद की 134 जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के सचिव काजी मतीनुल हसन ने मौलाना अबुल कलाम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संबो. धित किया । कहा मौलाना अबुल कलाम एक कवि, विद्वान ,समाज सुधारक, पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं शिक्षा के साथ राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबध थे। विद्यालय के प्राचार्य भी शिक्षा दिवस के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्य सैयद आरफीन, वहाब हैदर, मो कलीमुद्दीन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद आबिद , मनोवर आलम, मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद आशिफ, शमा परवीन, अनिल कुमार उपाध्याय तथा दीनबंधु सिंह एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव में आस्था का महापर्व छठ महापर्व शांतिपूर्वक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



भगवान भास्कर को अर्घ्य देती छठव्रती

लोक आस्था का महापर्व वृस्पतिवार को प्रातः काल उदयीमान सुर्य को अर्ध्य देने शांति पूर्वक श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया । प्रखंड के तमाम छठ घाटों में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह देखी गई। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण छठघाटों में छठ मनाने पर प्रतिबंध था। लेकिन इस बार राज्य सरकार के द्वारा छठघाटों में छठ गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का निद. ेश दिया गया था। जिसके कारण छठ घाटों में लोगों का उमंग और उत्साह देखने को मिला । जिससे कोरोना महामारी पर आस्था भारी नजर आया। व्रतियों ने अपने घर परिवार के सुख समृद्धि के साथ क्षेत्र कि विकास अमन चौन कि कामना भगवान सूर्य देव से की। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में बड़कागांव सूर्य मंदिर, पीपल नदी, पंकरी बरवाडीह, टिकरीटांड, तसलवार, नापो, जुगरा, सांड, विश्रामपुर, हरली, नयाटांड, हरली, बादम महुगाई कला नापो खुर्द के अलावा प्रखंड के 84 गांव मे छठ महापर्व मनाई गई । प्रखंड में लगभग 3000 घरों में छठ व्रतियों के द्वारा छठ महापर्व की पूजा की गई। महापर्व को लेकर बड़कागांव सूर्य मंदिर में आकर्षक झरना व लाइटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था ।इसके अलावा कई छठ घाटों में विद्युत सज्जा के साथ साउंड की व्यवस्था की गई थी ।जिससे क्षेत्र में चारों ओर छठ गीतों की बयार बह रही थी। वही कई समितियों और संगठनों के द्वारा छठ व्रतियों के बीच फल ,दूध ,नारियल का वितरण किया गया एवं छठ घाटों की साफ-सफाई से लेकर देखरेख तक की व्यवस्था की गई थी । इस महापर्व को शांतिपुर्वक सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा विशेष चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी ।जगह-जगह जलाशय और छठ घाटों पर प्रशासन की ओर से निगरानी की व्यवस्था के लिए सशस्त्र बलों की तैनाती करने के साथ गश्ती दलों के द्वारा निरंतर गश्ती लगाया जा रहा था।

## छठ पूजा में अर्घ के लिए तालाब में स्नान करने गए युवक का डूबने से मौत

### प्रशासान एव स्थानीय गोताखोरों के प्रयास से चार घण्टे बाद मिला शव

**अपेम लाइव : चतरा**



शव निकालते गोताखोर

चतरा के गिधौर थाना क्षेत्र में छठ पूजा के दौरान तालाब में डूबकर एक युवक की मौत हो गई है. तालाब में स्नान के दौरान हादसे की आशंका जताई जा रही है. घटना के बाद मृतक के शव को बरामद कर लिया गया है.मामला जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारियातू पंचायत स्थित जमुआ गांव में छठ का उत्सव मातम में बदल गया। पूजा के दौरान गांव के ही एक युवक की तालाब में डूबकर मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है । युवक स्नान करने नदी में उतरा था युवक मृतक युवक की पहचान गांव के ही रघु साव के पुत्र कृष्णा साव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हादसे के वक्त कृष्णा साव अर्घ्य दे रहा था. इसी क्रम में युवक तालाब के गहरे पानी में स्नान के लिए उतरा और डूब गया. ग्रामीणों द्वारा कृ ष्णा साव को बचाने की पूरी कोशिश की गई लेकिन उसे नदी से बाहर नहीं निकाला जा सका.परि. जनों को मिलेगा मुआवजा घटना की सूचना मिलते ही एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सदर थाना की तरफ से गोताखोरों की एक टीम मौके पर भेजी गई. लेकिन सफलता हाथ नहीं मिली. बाद में चौपारण चायकला गांव से पहुंची गोताखोर की टीम ने शव को बरामद किया. पूरे सर्च अभियान के दौरान घटना स्थल परप्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह मौजूद रहे. अधिकारियों ने सरकारी प्रावधान के तहत परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## छठ पूजा सेवा समिति सिंदवारी के युवा समाजसेवियों नें छठ घाट में श्रद्धालुओं के बीच निशुल्क लाइट साउंड की सुविधा दी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिलती है। जहां सिंदवारी पंचायत के छठ पूजा सेवा समिति सिंदवारी पंचायत के युवा समाजसेवियों के अथक प्रयास से छठ घाट जाने के रास्ते को साफ करवाया गया एवं संध्या के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो जिसके लिए लाइट व साउंड की निशुल्क व्यवस्था की गई। जिसमें पूरे रास्ते को उजाला व छठ गीत बजाकर भक्तिमय का एक अलग रूप दिया। जहां कई लोग सहयोग के लिए आगे भी आए। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजीत साव, सचिव महेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा एवं सदस्यों में लखेंद्र कुमार, बिट्टू राणा, विनय कुमार राम, सोनू कुमार सुरवीन, सूरज वर्मा, गौतम बर्मा, शिवम चौरसिया, सरवन कुमार,अवध कुमार के साथ साथ कई युवा समाजसेवी उपस्थित थे।

## छठ पर्व शांति से हुआ सम्पन्न,डूबते सूर्य को पहला एवं उगते सूर्य को दिया गया अर्घ्य

### दिन भर छठ घाटों का जायजा लेते रही प्रखंड प्रशासन,सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतजाम

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**



सुरक्षा इंतजाम में शामिल अधिकारी व अन्य

लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के अवसर पर बुधवार को शाम का भग. वान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया।वही गुरुवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ के साथ चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व शांति से सम्पन्न हो गयका। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में पहला अर्घ्य देने के लिए शाम को तालाबों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।वही गुरुवार की सुबह सभी छठ घाट पर अर्घ लेने को लेकर भारी भीड़ देखा गया।

**गूंजते रहे पारंपरिक लोक गीत**

श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी एवं उदयमान भगवान सूर्य को तालाब के किनारे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ जल अर्पित किया गया। प्रखंड के विभिन्न तालाबों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अस्ताचल भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और वैदिक रीति से पूजा-अर्चना की। तालाब किनारे पूजा स्थल पर छठ पूजा के पारंपरिक लोक गीत गूंजते रहे।

**प्रखंड प्रशासन रही मुस्तैद सुरक्षा के लिए जवान रहे तैनात**

प्रखंड क्षेत्र के हर तालाबों में अस्ताचल एवं उदयमान सूर्य को अर्घ्य गिया गया। तालाबों के घाट रंगीन रा. ेशनी से नहाए हुए है। इसी तरह पुलिस प्रशासन की ओर से तालाबों पर सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए हैं। प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो व थाना प्रभारी विकाश यादव दिन भर सुरक्षा को ले घाटों का निरीक्षण करते रहे और पुलिस प्रशासन। पूरी तरह मुस्तैद रही।

**उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ समापन**

इसके पहले व्रतियों ने मंगलवार की शाम भगवान सूर्य की अराधना की और खरना किया था। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया और बुधवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य एवं गुरुवार को उगते सूर्य के दिया गया और अमन चौन की कामना किया गया। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी गुरुवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं का व्रत पूरा हो गया। इसके बाद व्रती अन्न और जल ग्रहण किए। कई समाजसेवियों एवं उम्मीदवारों ने घूम घूम कर फल वितरण किये और कई लोग चाय स्टॉल और दही फल का भी वितरण किये ।कान्हाचट्टी बाजार के फ्रेंड्स क्लब के युवाओं ने शायल में बेहतर ढंग से सजावट करवाया और छठ व्रतियों के बीच हलुआ का वितरण करवाया।

## छठ का प्रसाद वितरण करने निकली एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत, दो युवक घायल

**अपेम लाइव :चौपारण**



घायल युवक



घायलों को अस्पताल भेजवाते विधायक उमाशंकर अकेला

छठ व्रत समाप्त होते ही परिजन एक दूसरे के घर महाप्रसाद वितरण करने निकल पड़ते है। गुरुवार को पारण के प्रसाद वितरण करने निकले दो युवक व एक महिला सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई जिसमे महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गया वही दोनो युवकों की स्थिति नाजुक बताया जा रहा है। पहली घटना पाण्डेयबारा सेलहारा रोड स्थित रामजीता के पास घटित हुवा। जहां बाइक सख्या जेएच 02 बीडी 4471 पर सवार होकर महूदी जोकट निवासी अजय ठाकुर पिता बिनय ठाकुर उम्र 25 व साकेत ठाकुर पिता सुनील ठाकुर 22 वर्ष प्रसाद वितरण कर घर लौट रहे थे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित हुवा और पेड़ से जा टकराया। पेड़ से टकराने के बाद दोनों युवक सड़क के किनारे लोहे के दिभाइडर में जा टकराया। जिसमे दोनो के माथे में गंभीर चोट लगा। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनो घायलो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर कर दिया। दूसरी घटना जीटी रोड स्थित नरैना पवई के पास घटित हुवा जहां एक महिला मौत के गाल में समा गई। घटना स्थल पर पहुँच बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव व थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो घटना स्थल पर पहुँच शव को अन्तरपरिक्षण के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नही होआ पाया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## स्व अहसन खान मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट पर खुटरा ने जमाया कब्जा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



खिलाडियों को पुरस्कृत करते अतिथि

स्व अहसन खान मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बीएमसी मैदान बादम में केजीएन हजारीबाग फुटब०ल टीम और खुटरा फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए नवाज की गोल से खुटरा फुटबॉल टीम ने हजारीबाग केजीएन फुटब०ल टीम को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया । प्रतियोगिता का पुरस्कार बीएमसी आदिल और माजिद अकरम को दिया गया। टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हजारीबाग के तौफीक को और मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार खुटरा के नवाज को दिया गया। विजेता टीम को बीस हजार और उप. विजेता टीम को 13 हजार का पुरस्कार और ट्रॉफी दिया गया। मौके पर दीपक दास, महेंद्र नाथ पांडेय, मोहम्मद मोकित उल्लाह, राजा खान, कृष्णा राम ,राजू महतो, जमाल सगीर, गौतम वर्मा, जुबेर खान, मोदस्सर खान, श्रीकांत निराला, नरेश साव, नासिब खान, पिंटू खान, शहंशाह खान, मुन्ने, शाहबाज, नौशाद, अफरोज, सबा सोहेल, शिहान, आमिर, सहित सैंकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सड़कों की साफ-सफाई पानी छिड़काव में दिनभर लगे रहे युवा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



सड़क की साफ सफाई एवं पानी का छिड़काव करते युवा

छठ महापर्व को लेकर बुधवार को पूरे प्रखंड के विभिन्न सड़कों पर साफ सफाई एवं पानी छिड़काव करते लोग नजर आए हर कोई बढ़-चढ़कर सहयोग बड़कागांव मुख्य चौक,डेली मार्केट, गुरु चट्टी, बरवाडीह, बादम, हरली, विश्रामपुर, महूगांई कला, तलसवार, नापो, गोसाई बलिया, अंबाजीत, जुगरा चेपाकला, सीकरी , सोनबरसा, गोंदलपुरा, सांड, पिपराडीह, शिवाडीह, के अलावा कई गांव की सड़कों में लोग साफ सफाई व पानी का छिड़काव करते नजर आए। इसमें मुख्य रूप से राजेश गुप्ता, पिंटू गुप्ता, कौलेश्वर साव, अभिषेक कुमार यादव, रोहित गुप्ता, प्रमोद बर्मा, संतोष ठाकुर, इंग्लेश सोनी, भुनेश्वर राणा, सतीश कुमार सोनी के अलावा कई लोग शामिल थे।

## युवाओं के सामर्थ्य को पहचाने पंचायत चुनाव में युवाओं को करे समर्थन निश्चित रूप से होगा विकास : कुमार यदुवंशी उर्फ गनु यादव

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित**



राष्ट्रीय यादव सेना प्रखंड मीडिया प्रभारी कुमार यदुवंशी ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा है। युवा अगर पंचायत चुनाव में अगुवाई करे तो उसे निश्चित रूप से सहयोग करें, युवा किसी भी कार्य को बेहतर आगाज के साथ बढ़िया अंजाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से निभाना जानता है। युवाओं को पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा आगे आने की जरूरत है। युवाओं को मौका मिलना चाहिए युवा इस माटी के अभिन्न अंग है । परंपरावादी सिद्धांत से ऊपर उठकर युवाओं की ताकत की बात करनी चाहिए। पुरानी परंपरा में युवा यदि चुनाव लड़ता था तो लोग उसे नादान कहकर उसका उपहास उड़ाते थे। अब चीजें बदल चुकी है युवा बड़े-बड़े धुरंधर को धूल चटा रहे है। व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर युवाओं को समर्पण भाव से समर्थन करें मुर्गा भात शराब पैसा को त्याग करके युवा साथियों का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओ के पास किसी भी बात को आसानी से रखा जा सकता है। युवा सभी लोगों के साथ आसानी से मिल जुल कर बिकास के कार्य को कर सकते हैं इनकी विशेषता को पहचाने और उसका सहयोग करें।

## बड़कागांव पीपल नदी में सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच सुप फल वा पूजा सामग्री का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



सामग्री वितरण करते लोग

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़कागांव मध्य पंचायत के पीपल नदी में सैकड़ों छठ व्रतियों के बीच सूप फल व पूजन सामग्री का वितरण किया गया। साथ हीं चहुंओर लाइट साउंड से आकर्षक ढंग से सजाया गया। एवं पूर्व में ही युवा समाजसेवियों के अथक प्रयास से छठ घाट की साफ सफाई की गई। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो जिसके लिए जगह जगह पर पूजा समिति के लोग मौजूद थे। एवं माइक व साउंड के माध्यम से छठ गीत बजाकर छठ घाट को भक्तिमय किया गया। जिसमें कई युवा समाजसेवी हो का योगदान रहा है जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी कौलेश्वर साव , ड० विशाल, संतोष ठाकुर, प्रदीप साव, कुंदन कुमार, संदीप कुमार, किशोर कुमार, जितेंद्र ठाकुर, विक्रम कुमार, रवि राज, ललन कुमार, गौतम कुमार, नीरज मालाकार, राजा ठाकुर, अरविंद कुमार, टिंकू कुमार, मिथिलेश ठाकुर, भागीरथ ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे।

## समाजसेवी प्रमोद दास ने छठ व्रतियों के बीच फल व पूजा सामग्री का किया वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



सामग्री वितरण करते लोग

आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सिन्दवारी पंचायत के समाजसेवी प्रमोद कुमार दास एव पत्नी रींकी देवी ने छठ घाट के श्रद्धालुओं के बीच फल, नारियल , अगरबत्ती सहित पूजा सामग्री का वितरण किया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को महापर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी रूपेश कुमार दास, राहुल दास, कैलाश कुमार, भीम साव, जयकरण साव, सुनील करमाली, दीपक कुमार, टिकेश्वर कुमार, सरवन कुमार, विनय कुमार, सूरज कुमार चंदन कुमार, गणेश गंजू, अशोक सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## उगते सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ आस्था का महापर्व छठ पूजा

**अपेम लाइव : चुरचू**

**अरविन्द टुडू**



भगवान भास्कर को अर्घ्य देती छठव्रती

लोक आस्था और भक्ती के महापर्व छठ पुजा के चौथे दिन गुरूवार के सुबह कोनार नदी छठ घाट बिनकरवा व चुरचू प्रखण्ड के अंतर्गत अनेकों छठ घाटों में उगते सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ, (आस्था का महापर्व छठ पूजा)। चारदिवसीय छठ महापर्व को लेकर व्रतियों ने सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य दिया और छठी मैया की पूजा के साथ यह पर्व संपन्न किया गया। छठ पर्व के चौथे व अंतिम दिन तड़के ही उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए व्रती और उनके परिजन अपने घरों से पूजा सामग्रियों के साथ घाटों पर पहुंचे और घुटने तक पानी में खड़े होकर व्रतधारियों ने सूप, ईख, नारियल, मिट्टी के दिया बर्तन, फल, फुल बैलपत्र ठकुवा सूप, बांस की डलिया में पूजन सामग्री सहित गाय के दूध से भग. वान सूर्य को अर्घ्य दिया और पुरे क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की. ।इसके बाद छठ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और इसी के साथ ही व्रत और उपवास का चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व संपन्न हो गया। प्रकृति पूजन के महापर्व छठ के अवसर पर पूरे देश में लोगों के बीच धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बिहार-झारखंड समेत पूरे देश में छठ महापर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिलता है। इस दौरान छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंजते रहे।बता दें कि छठ का पर्व सोमवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ था। दूसरे दिन मंगलवार को खरना पर गुड़ की खीर बनाई गई और तीसरे दिन बुधवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। आखिरी दिन गुरुवार उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व संपन्न हो गया।

## मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक, ट्रस्ट बनाने पर बनी सहमति

**अपेम लाइव :चौपारण**



गुरुवार को मनोकामना शिव मंदिर निर्माण हेतु, कर्मा के महावीर प्रसाद चंद्रवंशी के आवास पर देवलाल साव के अध्यक्षतामें बैठक हुई। बैठक में मंदिर निर्माण सं. बंधित चर्चा हुई ,। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट बनाया जाएगा । साथ ही साथ पूरे गांव और आसपास के गांव के सभी लोग श्रमदान, धन दान करेंगे। , साथ ही साथ मंदिर की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। और यह निश्चित किया गया कि आने वाले शिवरात्रि में, मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भा. जपा नेता अविनाश आर्या चंद्रवंशी, रेवाली पासवान, द्वारिका साव, सीताराम यादव, पप्पू कुमार चंद्रवंशी, राजकुमार भुइयां, रामाधीन पासवान, देवेंद्र पासवान, जितेंद्र चंद्रवंशी, महावीर तुर्री, बालेश्वर चंद्रवंशी, बाली यादव, फागू पा. सवान, नरेश तुर्री, रंजीत केसरी,चिंटू जैन एवं गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## रसोईया धमना निवासी टुकन साव परसौनी में सड़क दुर्घटना में हुए घायल

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना (प्रेम नगर) निवासी टुकन साव पिता स्व डोमन साव सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त सूचना के अनुसार टुकन साव छठ पूजा का प्रसाद पहुंचाने अपने किसी रिश्तेदार के घर गए हुए थे। वहीं लौटने के क्रम में परसौनी (इटखोरी) के समीप सड़क दुर्घटना में इनका एक पैर कट गया और हाथ टूट गया। आस-पास के लोगों ने एम्बुलेंस के मदद से सामुदायिक अस्पताल चौपारण में भर्ती कराया गया है।